## न्यूज डायरी



### 3 साल की बच्ची चिल्लाती रही डैडी बचा लो, आतंकियों ने गोलियों से भून डाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में बुधवार को एक गुरुद्वारे पर हुए अटैक में 27 लोगों की मौत हो गई है तो कई ऐसे हैं जो इस घटना में बच तो गए लेकिन वे जिंदा लाशें बनकर रह गए हैं। किसी मासूम ने अपनी मां खोई तो किसी ने अपनी नन्ही सी बच्ची, तो किसी के परिवार के आधे से ज्यादा लोग इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले में मारे गए जिसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट खोरासन ने ली है जिसने 2018 में भी सिखों पर हमला किया था। अब ये सिख अफगानिस्तान छोड़ कहीं और चले जाना चाहते हैं क्योंकि अब उन्हें परिवार के बचे हुए सदस्यों की फिक्र है। इन्हीं में से एक हैं हरिंदर सिंह सोनी (40) जो किशोर बाजार में मौजूद गुरुद्वारा हर राई साहिब में कीर्तन सेवादार हैं। इस घटना में उनका आधा परिवार खत्म हो गया। उनके दो बच्चे गगनदीप सिंह (13) और गुरजीत कौर (11) और चार भाई उस वक्त गुरुद्वारे में मौजूद नहीं होने के कारण बच गए।

### लॉकडाउन का नहीं असर, ब्रिटेन में 24 घंटे में 100 से ज्यादा जानें गईं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन में कोरोना वायरस ने ऐसा कहर ढाया कि अकेले गुरुवार को 113 लोगों की मौत हो गई। यह ब्रिटेन के लिए किसी काले दिन से कम नहीं था। इस अवधि में औसतन हर 13 मिनट में एक व्यक्ति की मौत हुई है। यहां मृतकों का आंकड़ा 578 हो गया है। 2100 नए केस के साथ संक्रमित लोगों की संख्या करीब 12,000 हो गई है। ब्रिटेन यूरोप का छठा देश बन गया है जिसके यहां कोविड19 के सबसे अधिक मरीज हैं। ब्रिटेन ने उन यूरोपीय देशों में है जिसने लॉकडाउन घोषित कर रखा और इसका उल्लंघन करने पर बोरिस जॉनसन सरकार ने सजा का भी प्रावधान किया है। लॉकडाउन के बाद ऐसी उम्मीद की जा रही थी कि देश कोविड19 को नियंत्रित कर लेगा लेकिन एक दिन में 100 से ज्यादा मौतों से सरकार की चिंता बढ़ गई है।

### संकट की इस घड़ी में योग से खुश रहना सिखाएंगा भारतीय दूतावास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास ने तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस के कारण घरों में रहने को मजबूर लाखों अमेरिकियों की मदद के लिए आगे आया है। दूतावास ने उन्हें स्वस्थ और खुश रखने के लिए निशुल्क ऑनलाइन योग कक्षाएं देने की घोषणा की है। देश में कोरोना वायरस से 1,100 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं। निशुल्क योग कक्षा सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना शाम 5 बजे दी जाएगी। इसे भारतीय दूतावास के फेसबुक पेज के जरिए सीधे प्रसारित किया जाएगा। दूतावास ने ट्वीट किया, हमें 30 मार्च 2020 सोमवार से शाम 5 बजे के दौरान ऑनलाइन योग कक्षाएं देने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने ट्वीट किया, घर से काम करते हुए लोगों को स्वस्थ और खुश रखने के लिए दूतावास की ओर से अच्छी पहल।

### कोरोना वायरस संकट पर अब तक कोई चर्चा नहीं, अध्यक्षता चीन के पास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तेजी से गहरा रहे कोरोना वायरसस संकट पर चर्चा करने के लिए अब तक कोई बैठक निर्धारित नहीं की है जबकि दुनियाा भर में कोविड–19 के मामले 5,30,000 से ज्यादा हो गए हैं और करीब 24,000 लोग इस बीमारी के चलते अपनी जान गंवा चुके हैं। यहां गौर करने वाली बात यह है कि वर्तमान में सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता चीन कर रहा है। विश्व में कोविड–19 के मामले 5,31,860 हो गए हैं और कुल 24,057 लोग इस बीमारी के चलते अपनी जान गंवा चुके हैं। अमेरिका में चीन और इटली से भी ज्यादा 85, 653 मामले सामने आए हैं। अमेरिका में कोविड–19 के कारण करीब 1,300 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक, विश्व भर में संयक्त राष्ट्र के 78 कर्मचारियों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। चीन की 15 राष्ट्रों की परिषद की अध्यक्षता 31 मार्च को समाप्त हो जाएगी।

# चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करके बदले ट्रंप के सुर

**यू–टर्न**

ट्रंप में बदलाव चीन के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत के बाद आया है

## कोरोना वायरस बताया है बल्कि चीन के प्रयासों के तारीफों के पुल बांध दिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। कोरोना वायरस को अब तक चीनी वायरस बताने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुर बदल गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने न केवल इसे कोरोना वायरस बताया बल्कि इस महामारी से निपटने में चीन के प्रयासों के तारीफों के पुल बांध दिए। अमेरिकी राष्ट्रपति के रुख में यह बदलाव चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बातचीत के बाद आया है। शी जिनपिंग से बात करने के बाद ट्रंप ने टवीट करके कहा, अभी–अभी मेरी चीनी राष्ट्रपति से बहुत अच्छी बातचीत हुई है। हमने आपस में कोरोना वायरस के बारे में बात की जिससे दुनिया का बड़ा हिस्सा प्रभावित है। चीन ने इस वायरस के संबंध में काफी काम किया है और अच्छी समझ विकसित की है। हम साथ



मिलकर काम कर रहे हैं। मैं इसका सम्मान करता हूं।

इससे पहले पिछले कुछ दिनों से डोनाल्ड ट्रंप लगातार चीन के खिलाफ हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। ट्रंप लगातार कोरोना वायरस को चीनी वायरस बता रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने कहा था कि कोरोना वायरस प्रकोप पर जानकारी साझा करने की बजाए चीन ने उसे श्रहस्य की तरफ छिपाकर रखा।श उन्होंने कहा कि अगर बीजिंग ने इस खतरे के बारे में पहले ही चेतावनी दे दी होती तो अमेरिका और पूरा विश्व इसके लिए ज्यादा बेहतर तरीके से तैयार होता।

**काश चीन ने हमें यह पहले बताया होता:** उन्होंने कहा, आप इसे समझिए, चीन यहां फायदे में नहीं रहा है। चीन में करोड़ों लोग हैं। चीन को इसका बहुत बुरा परिणाम भुगतना पड़ा है। मैंने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से बात की है। मैं बस यह सोचता हूं कि काश उन्होंने हमें यह पहले बताया होता। उन्हें पता था कि उनके यहां पहले से समस्या थी। काश उन्होंने यह बता दिया होता। डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन पर भी निशाना साधा है। ट्रंप ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस संकट पर चीन का बहुत ज्यादा पक्ष लिया।

**ट्रंप ने कहा था चाइनीज वायरस**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया था कि चीन ने कोरोना वायरस को लेकर प्रारंभिक सूचना छिपाई जिसकी सजा आज दुनिया भुगत रही है। ट्रंप ने कोरोना वायरस को चीनी वायरस बताते हुए कहा था, दुनिया उनके कर्मों की बहुत बड़ी सजा सुना रही है। ट्रंप का इशारा इस बात की ओर था कि चीन ने सही समय पर कोरोना वायरस के फैलने की पूरी सूचना साझा नहीं की। ट्रंप ने कहा, इस बीमारी को चीन से ही रोका जा सकता था जहां से यह शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि अगर चीन ने सही सूचना समय पर दी होती तो अमेरिकी अधिकारी समय पर कदम उठाते और इस महामारी को फैलने से रोका जा सकता था।

## दुनियाभर में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 5 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। दुनिया भर में गुरुवार दोपहर तक कोविड–19 से संक्रमित मामलों की संख्या बढ़कर 5 लाख से पार हो गई। उधर, इस महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 22 हजार से अधिक पहुंच गई है। अमेरिका की जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजिनियरिंग की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 510,108 रही, जबकि इसके कारण अब तक 22,993 मौतें देखने को मिली हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सीएसएसई के हवाले से कहा कि चीन के अलावा इटली, अमेरिका, स्पेन, जर्मनी, ईरान, फ्रांस और स्विट्जरलैंड उन देशों में शामिल हैं, जहां संक्रमित लोगों की संख्या दस हजार के पार है।

इनमें भी सबसे अधिक प्रभावित इटली है, जहां इस महामारी के चलते कुल 8,165 लोगों की मौत हुई है। सीएसएसई ने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या को 4 लाख से पांच लाख तक पहुंचने में लगभग दो दिनों का समय लगा। 170 से अधिक देशों और क्षेत्रों में अब तक कोविड–19 मामलों को दर्ज किया गया है।



## कोरोनाः मेड इन चाइना टेस्ट किट ने स्पेन को दिया धोखा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्पेन। कोरोना महासंकट में मेड इन चाइना टेस्ट किट ने स्पेन को दिया धोखा, करोड़ों यूरो का लगा चूना चीन में बने सामानों की गुणवत्ता को लेकर अक्सर दुनियाभर में सवाल उठते रहते हैं। अब कोरोना महासंकट के बीच इसका एक ताजा उदाहरण देखने को मिला है। इस महामारी की विनाशलीला झेल रहे स्पेन ने कोरोना वायरस की तेजी से जांच के लिए चीन से जांच किट खरीदे लेकिन वे कोरोना पॉजिटिव मरीजों को डिटेक्ट ही नहीं कर पा रहे हैं। स्पेन ने दक्षिण कोरिया और चीन से छह लाख 40 हजार जांच किट खरीदे हैं।

# पाकिस्तान में कोरोना मरीजों की संख्या 1100 पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। कोरोना वायरस के बढ़ते कहर से पाकिस्तान की माली हालत खस्ता होती जा रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक खरब से ज्यादा रुपये के आर्थिक पैकेज का तो ऐलान कर दिया है लेकिन इसे देने के लिए उनके पास पैसे ही नहीं है। इस संकट से निपटने के लिए एक बार फिर से इमरान सरकार आईएमएफ, विश्वबैंक और एडीबी के दरवाजे पर पहुंच गई है।

पाकिस्तान सरकार ने कोरोना वायरस के प्रकोप से उत्पन्न आर्थिक संकट से निपटने के लिए 3.7 अरब डॉलर का

**आईएमएफ के दरवाजे पर इमरान सरकार**

अतिरिक्त ऋण मांगा है। देश में कोरोना वायरस से अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है और 1,193 लोग इससे संक्रमित है। वित्त मामलों पर प्रधानमंत्री के सलाहकार अब्दुल हफीज शेख ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.4 अरब डॉलर ऋण के अलावा, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक देश में क्रमशः एक अरब डॉलर और 1.25 अरब डॉलर कर्ज देंगे।

**1.2 खरब रुपये के आर्थिक पैकेज की घोषणाः** प्रधानमंत्री खान ने इससे पूर्व 1.2 खरब रुपये के आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा की थी।

ताजा आधिकारिक आंकड़े के अनुसार पाकिस्तान में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या 1,193 पहुंच गई है। स्वास्थ्य सेवाओं के मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार सिंध में 421 मरीज, पंजाब में 408, बलूचिस्तान में 131, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में 123, गिलगित–बाल्टिस्तान (जीबी) में 84, इस्लामाबाद में 25 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक मामला सामने आया है। पाकिस्तान में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 28 लोग ठीक हो गए हैं और पांच मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## चीन ने विदेशियों के प्रवेश पर लगाया बैन, नहीं रुके मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। विदेशियों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के कुछ ही घंटों बाद शुक्रवार को चीन में बाहर से आए 50 से अधिक लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। हाल के हफ्तों में चीन में संक्रमितों की संख्या में तेजी से कमी देखी गई और प्रतिदिन कुछ ही घरेलू मरीज सामने आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि चीन में शुक्रवार को संक्रमण के 55 नए मामले सामने आए, जिनमें केवल एक ही स्थानीय संक्रमण का मामला था जबकि 54 अन्य विदेशों से आए संक्रमित लोग थे।

पेइचिंग से बाहर से आने वाले मामलों को नियंत्रित करने में जुटा है। ऐसे अधिकतर वे लोग हैं जोकि चीन के निवासी हैं और विदेशों से वापस लौट रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या छात्रों की भी है। गुरुवार को को विदेश से आने वाले मामलों को रोकने के लिए पेइचिंग ने विदेशियों के चीन में आने पर रोक लगाने के साथ ही विमान की सेवाओं में भी कटौती की। हालांकि, मंत्रालय ने कहा कि वायरस प्रकोप को काबू करने के लिए यह अस्थायी उपाय किए गए हैं।